# अभ्यास प्रश्न-पत्र : 1 (2020-21)

## कक्षा-12

## विषय- राजनीति विज्ञान (028)

**समय : 3 hrs.** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश:-**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. खंड-ए में 1-16 तक सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं।
3. खंड-बी में अवतरण पर आधारित प्रश्न 17 और 18 हैं और प्रत्येक 1 अंकीय प्रश्न बहु-विकल्प पर आधारित है।
4. प्रश्न संख्या 19-22 में 2 अंक हैं। इन सवालों के जवाब प्रत्येक के 40 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
5. प्रश्न संख्या 23-27 में प्रत्येक पर 4 अंक हैं। इन सवालों के जवाब 100 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
6. प्रश्न संख्या 28-29 मानचित्र और कार्टून प्रश्नों से संबंधित है, जिनमें से प्रत्येक के अनुसार 5 अंक दिए जा सकते हैं।
7. प्रश्न संख्या 30-32 में प्रत्येक पर 6 अंक हैं। इन प्रश्नों का उत्तर प्रत्येक का 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

### खंड - ए

1. निम्नलिखित में से कौन सा काल दूसरे विश्व युद्ध का समय है ? 1

   क) 1935-1945

   ख) 1939-1945

   ग) 1940-1950

   घ) 1945-1950

2. खाली स्थान भरें ।　1

संयुक्त राज्य अमेरिका और ____________ के बीच चले वैचारिक युद्ध को शीत युद्ध कहा जाता है ।

3. किस संधि का सम्बन्ध यूरोपीय संघ के गठन से है ?　1

क) मास्ट्रिच संधि

ख) बेलग्रेड संधि

ग) बैंकॉक संधि

घ) लंदन संधि

4. दक्षिण एशिया का कौन सा देश 1968 में गणराज्य बना ?　1

5. दक्षेस / सार्क (SAARC) का स्थापना वर्ष चुनिए ।　1

क) 1982

ख) 1985

ग) 1990

घ) 1992

6. निम्नलिखित कथन को सही करके पुनः लिखिए ।　1

भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सदस्यता 30 अक्टूबर 1950 को प्राप्त की।

7. निम्नलिखित में से किस देश के पास वीटो अधिकार नहीं है ?　1

क) जापान

ख) चीन

ग) फ्रांस

घ) रूस

8. “भाग्य वधु से चिर-प्रतीक्षित भेंट” भाषण किस नेता के द्वारा दिया गया? 1

9. दिए गए कथन को सही करके पुनः लिखिए । 1

योजना आयोग की स्थापना मार्च 1955, में भारत सरकार ने एक प्रस्ताव के ज़रिए की गयी ।

10. नीति आयोग का गठन कब हुआ ? 1

11. नीति आयोग में पदेन अध्यक्ष कौन होते हैं ? 1

12. नीति आयोग ने किस आयोग का स्थान लिया है ? 1

क) राज्य पुनर्गठन आयोग

ख) योजना आयोग

ग) राष्ट्रीय विकास परिषद

घ) विकास आयोग

13. दिए गए कथन के लिए सही अथवा गलत लिखिए। 1

“पंचशील का सिद्धांत” भारत की विदेश नीति का एक प्रमुख बिंदु है ।

14. पंचशील के सिद्धांतों पर हस्ताक्षर किस वर्ष हुए ? 1

क) 1950

ख) 1954

ग) 1956

घ) 1958

15. दिए गए कथन के लिए सही अथवा गलत लिखिए । 1

कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र भारत और अमेरिका के बीच सहयोग से स्थापित किया गया ।

16. भारत द्वारा प्रथम परमाणु परीक्षण किस स्थान पर किया गया ? 1

## खंड - बी

17. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और इस पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें: (1+ 1+ 1 + 1 = 4)

कोई भी क्षेत्र हवा में नहीं होता । चाहे कोई क्षेत्र अपने को गैर इलाकाई ताकतों से अलग रखने की जितनी भी कोशिश करें , उस पर बाहरी ताकतों और घटनाओं का असर पड़ता ही है । चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण एशिया की राजनीति में अहम भूमिका निभाते हैं । पिछले 10 वर्षों में भारत और चीन के संबंध बेहतर हुए हैं। चीन की रणनीतिक साझेदारी पाकिस्तान के साथ है और यह भारत चीन संबंधों में एक बड़ी कठिनाई है । विकास की जरूरत और वैश्वीकरण के कारण एशिया महाद्वीप के यह दो बड़े देश ज्यादा नजदीक आए हैं । सन 1991 बाद से इनके आर्थिक संबंध ज्यादा मजबूत हुए हैं ।

17.1 इस गद्यांश में किस क्षेत्र को इंगित किया गया है?

a) पूर्वी एशिया
b) दक्षिण पूर्व एशिया
c) दक्षिण एशिया
d) दक्षिण अफ्रीका

17.2 किन दो देशों को बाहर की शक्तियों के रूप में संदर्भित किया गया है?

a) चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका
b) चीन और पाकिस्तान
c) संयुक्त राज्य अमेरिका और पाकिस्तान
d) उपरोक्त में से कोई नहीं

17.3 कौन से दो देश एशिया महाद्वीप के दो बड़े देश हैं?

a) भारत और पाकिस्तान
b) भारत और चीन
c) चीन और रूस
d) संयुक्त राज्य और रूस

17.4 पाकिस्तान के साथ चीन की रणनीतिक साझेदारी किस देश के लिए एक बड़ी अड़चन है?

a) भारत
b) बांग्लादेश
c) श्रीलंका
d) म्यांमार

18. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और इस पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें: (1+ 1+ 1 + 1 = 4)

बुनियादी रूप से आसियान एक आर्थिक संगठन था और वह ऐसा ही बना रहा। आसियान क्षेत्र की कुल अर्थव्यवस्था अमेरिका ,यूरोपीय संघ और जापान की तुलना में काफी छोटी है पर इसका विकास इन सबसे अधिक तेजी से हो रहा है। इसके चलते इस क्षेत्र में और इससे बाहर इसके प्रभाव में तेजी से वृद्धि हो रही है। आसियान आर्थिक समुदाय का उद्देश्य आसियान देशों का साझा बाजार और उत्पादन आधार तैयार करना तथा इस इलाके के सामाजिक और आर्थिक

विकास में मदद करना है । यह संगठन इस क्षेत्र के देशों के आर्थिक विवादों को निपटाने के लिए भी बनी मौजूदा व्यवस्था को भी सुधारना चाहेगा । आसियान ने  निवेश श्रम और सेवाओं के मामले में मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने पर भी ध्यान दिया है । इस प्रस्ताव पर आसियान के साथ बातचीत करने की पहल अमेरिका और चीन ने  कर  भी दी है।

18.1 आसियान की स्थापना किस वर्ष की गई ?

a) 1966
b) 1967
c) 1968
d) 1969

18.2 आसियान (ASEAN) का पूरा नाम क्या है?

a) एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशन्स
b) एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट अफ्रीकन नेशन्स
c) एसोसिएशन ऑफ साउथ यूरोपियन अफ्रीकन नेशन्स
d) एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट अमेरिकन नेशन्स

18.3 आसियान का उद्देश्य क्या है?

a) आसियान राज्यों के भीतर एक साझा बाजार और उत्पाद आधार तैयार करना।
b) आसियान राज्यों के भीतर सामाजिक और आर्थिक विकास में मदद करना
c)  a और b दोनों

18.4 कौन से देश आसियान के साथ मुक्त व्यापार क्षेत्र पर बातचीत करने के लिए पहले ही तेजी से आगे बढ़ चुके हैं?

a) संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन
b) संयुक्त राज्य अमेरिका और चिली
c) चीन और पाकिस्तान
d) संयुक्त राज्य और बांग्लादेश

## खंड - सी

19. दो ध्रुवीय विश्व से क्या अभिप्राय है? इसका अंत कब हुआ? 1+1=2

20. वर्तमान में सत्ता के नए केंद्र कौन-कौन से माने जाते हैं? स्पष्ट कीजिए। 2

21.स्वतंत्रता के समय देश को किन प्रमुख चुनौतियों का सामना करना पड़ा। 2

22. राष्ट्रीय आपातकाल के कोई दो प्रभाव लिखें। 1+1=2

अथवा

केंद्रीय स्तर पर गठबंधन सरकारों का युग कब शुरू हुआ? राजनीतिक गठबंधन से क्या अभिप्राय है?

## खंड - डी

23. स्वतंत्रता के शुरुआती दशकों के दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रभुत्व के क्या कारण थे? कोई चार कारण लिखिए। 1*4=4

24. भारतीय राजनीति में राम मनोहर लोहिया का क्या योगदान था। 4

25. भारत में 1975 में आपातकाल लागू किए जाने की आर्थिक पृष्ठभूमि का वर्णन कीजिए। 4

26. महाशक्तियों के छोटे देशों के साथ गठबंधन बनाने के कोई चार कारण लिखिए। 4*1=4

अथवा

गुटनिरपेक्ष आंदोलन के कोई चार प्रमुख उद्देश्य लिखिए ? 4*1=4

27. 'मंडल कमीशन' की प्रमुख सिफारिशों का वर्णन कीजिए । 4

अथवा

यूपीए (UPA) और एनडीए (NDA) के विषय में आप क्या जानते हैं?

2+2=4

**खंड - ई**

28.भारत के दिए गए मानचित्र में ए, बी ,सी ,डी, ई, राज्य /केंद्र शासित प्रदेश दर्शाए गए हैं .नीचे दी गई जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिए और उनके नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर को दी गई तालिका के रूप में अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

(1+1+1+1+1=5)

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| 1) | | |
| 2) | | |
| 3) | | |
| 4) | | |
| 5) | | |


1) सरदार पटेल का गृह राज्य।

2) पोट्टी श्रीरामलु से संबंधित राज्य।

3) वह राज्य जहां का शासक बोधचंद्र सिंह था।

4) वह केंद्र शासित प्रदेश जहां से अनुच्छेद 370 निरस्त किया गया।

5) 1947 में भारत पाकिस्तान के विभाजन से प्रभावित हुआ राज्य।




नोट- निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 28 के स्थान पर हैं उनके उत्तर लिखिए। 5*1=5

1) वह स्थान जहां 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

2) वह नेता जिनकी 56 दिनों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के बाद मृत्यु हो गई।


3) निजाम से संबंधित राज्य।

4) तेलंगाना राज्य का उदय किस वर्ष हुआ।

5) राज्य पुनर्गठन अधिनियम को कब लागू किया गया।

29. दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1+2+2=5)

( दो अंक के प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।



(i) इस कार्टून में दर्शाया गया कौन से भाग चीन से संबंधित है ? 1

(ii) कार्टून के आधार पर चीन की शक्ति का आकलन कीजिए । 2

(iii) “चीन विश्व की अगली महाशक्ति हो सकता है।” इस कथन को दो तर्क देकर न्यायोचित ठहराइए । 2

नोटः- निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर है ।

29.1 सार्क(SAARC) का पूर्ण रूप लिखिए । 1

29.2 सार्क(SAARC) के किन्हीं चार सदस्य देशों के नाम लिखिए । 2

29.3 सार्क(SAARC) के दो उद्देश्य लिखिए । 2

## <u>खंड - एफ</u>

30. पूर्व सोवियत संघ के अधिकांश गणराज्य संघर्ष तथा तनाव से जूझते रहे । उदाहरण सहित उत्तर दीजिए ? 6

अथवा

सोवियत संघ के विघटन के किन्हीं छः परिणामों की व्याख्या कीजिए। 1*6=6

31.आपातकाल के दौरान देश में किस प्रकार लोकतांत्रिक संकट उत्पन्न हुआ। व्याख्या कीजिए । 6

अथवा

इंदिरा गांधी की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी को 1971 के लोकसभा चुनावों में शानदार सफलता प्राप्त करने के प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिए ? 6

32. वैश्वीकरण का विश्व पर क्या आर्थिक प्रभाव पड़ा? 6

अथवा

वैश्वीकरण की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 6

**********